Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 18-08-2022 | अंक 317

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्युज ब्रीफ

### जियाडा रैयत अधिकार संघ 18 जुलाई से कर रही शांतिपूर्ण आंदोलन का परिणाम रहा शून्य

4 अगस्त 2022 को बरही सीओ और झामुमो नेता के संयुक्त प्रयास से जियाडा रैयत अधिकार संघ का आंदोलन स्थगित करवा दिया गया था जिसमे कंपनी ने दस लोगो को काम देने की बात कही थी। परंतु पिछले 15 दिनों से एक भी ग्रामीण को नौकरी नहीं मिल पाई है जिस कारण जियाडा रैयत अधिकार संघ अपने कार्यकारी अध्यक्ष शम्स तबरेज़ के आह्वान पर सोमवार को प्लांट के कार्यविधि पूरी तरह रोकने के लिए शांतिपूर्ण अपील की है। शम्स तबरेज़ ने कहा हम कल भी शांतिप्रिये थे। आज भी है और आने वाले दिनों में भी संघ लो. कतांत्रिक तरीके से अपनी अधिकार के लिए संघर्ष जारी रखेगी और अपनी अधिकार 75% की भागीदारी जो रोजगार नीति 2021 झारखण्ड सरकार की सबसे बड़ी उप्लपधि है इसे जमीन पर लागू करवाने का काम करेगी शम्स ने प्रशासन से भी सहयोग की अपील की है।

# बैजलाडीह का दो नंबर तालाब सूखने के कगार पर, कैसे बचेगी जिंदगानी

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**

तालाबों में पानी सुख गया है। कुंआ के अस्तित्व पर संकट है। कुंआ धरातल पर अंतिम सांसे गिन रहा है। तालाब का अस्तित्व भी समाप्त होते जा रहा है। हालात यह है की सूखते तालाब के बीच गावों में पानी के लिए हाहाकार मचा है। सृष्टि के संचालन में जीव के लिए वायु वा पानी अति आवश्यक है जीवन के लिए जल जरूरी है। पानी के बिना जीवन का कल्पना नहीं किया जा सकता है। यही हाल बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के बैजलाडीह में बने दो नंबर तालाब का है। जो अब सूखने के कगार पर पहुंच गया है। स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया की इस तालाब का निर्माण लगभग 50 वर्ष पूर्व



सूखे तलब को दिखाते मुखिया प्रतिनिधि एवं अन्य



टूटा हुआ पुलिया

हुआ था। और इस तालाब लाभवानित होने वाले गांवों में से पांच गांव जैसे विजैया, बैजलाडीह, अलगडीहा, जवाड़ एवं भंडारों शामिल है। उन्होंने कहा की इससे पूर्व जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने इस तालाब का जीर्णोधार के बारे ने नही सोचा। जिसके कारण तालाब धीरे धीरे मिट्टी से भर गया है। इस तालाब के सूखने से आस पास के सैकड़ों एकड़ जमीन पर खेती नही हो पा रहा है। जिससे किसानों में काफी मायूसी छाई हुई है। साथ ही साथ मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने बताया की तालाब का पुलिया भी कई वर्ष पूर्व टूट चुका है। जिसको लेकर उन्होंने बरही के अधिकारियों से अपील किया की इस टूटे हुए पुलिया का निर्माण जल्द से जल्द करवाया जाए। मौके पर उपमुखिया प्रतिनिधि सुखदेव यादव एवं शेखावत अंसारी मौजूद थे।

# खोड़ाहर में रोजगार दिवस का आयोजन, ग्राम सभा आयोजित कर किया गया विकास योजनाओं का चयन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




ग्राम सभा मे मौजूद लोग

खोड़ाहर पंचायत में मुखिया अनीता देवी की अध्यक्षता में पिछले 8 सप्ताह से रोजगार दिवस मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को भी खोड़ाहर पंचायत में ग्राम सभा आयोजित कर रोजगार दिवस मनाया गया । इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुखिया अनीता देवी एवं संचालन मुखिया प्रतिनिधि खिरोधर यादव ने की । रोजगार दिवस के अवसर पर रोजगार सृजन करने वाले योजनाओं का चयन किया गया ताकि अधिक से अधिक लोगों को रोजगार मिल सके। इसमे मनरेगा योजना से कूप निर्माण, मेड़बंधी, वर्मी कंपोस्ट खाद निर्माण, फलदार पौधारोपण एवं सड़क निर्माण, बागवानी आदि को शामिल किया गया। मुखिया अनिता देवी ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशानुसार प्रत्येक पंचायत में रोजगार दिवस का आयोजन कर रोजगार सृजन का कार्य करना है। इसी आलोक में प्रत्येक सप्ताह रोजगार दिवस का आयोजन ग्राम सभा कर किया जा रहा है। मौके पर रोहित यादव, उप मुखिया, राम वृक्ष सिंह, रामचन्द्र पासवान, मालती देवी,सोनी देवी, प्रियंका कुमारी, श्रावण कुमार सिंह,सोनी देवी,रीता देवी, मोनी टोप्पो, महेश सिंह,सुनीता लकड़ा,कैलाश यादव, मुकेश पासवान, सोमार उरांव, गिरजा देवी, पूनम कच्छप सहित कई लोग मौजूद थे।

# आवास के लिए अधिकारियों से लगाई गुहार





**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के बैजलाडीह में कई ऐसे लाभुक है जिन्हे पी एम आवास की सख्त आवश्यकता है। बैजलाडीह के असगर अली पिता स्व रमजान मियां, शेरू मियां पिता स्व बढ़न मियां, बानो खातून पति वजीर मियां, शमीना खातून पति मो हदीस अंसारी, अकबर अंसारी पिता दिल मोहम्मद, सगीरा खातून पति मो मंसूर अंसारी, बद्री सिंह पिता खुबलाल सिंह एवं बासो सिंह पिता हरखू सिंह को पीएम आवास की सख्त आवश्यकता है। बानो खातून ने बताया की पीएम आवास के लिए कई बार अधिकारियों का चक्कर लगाई। परंतु आवास अब तक नही मिल पाया है। वहीं स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि मो मंसूर ने अधिकारियों से कहा की यह सभी परिवार अत्यंत गरीब है। और इन सभी को पीएम आवास की सख्त आवश्यकता है। साथ ही साथ उन्होंने अधिकारियों से अपील उचित लाभुको को पीएम आवास देने की मांग की है।

# भामाशाह विद्यालय में श्री कृष्णा जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर प्रतियोगिता का अयोजम

## श्री कृष्ण राधा बन बच्चो ने मोहा सबका मन

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित**




कृष्णा राधा सज्जा प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व संध्या पर भामाशाह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर बरही में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विद्यालय प्रबंधन समिति के सचिव नागेंद्र साव, प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय और आचार्य चंद्र मोहन मिश्र के द्वारा संयुक्त रुप से माँ सरस्वती और राधा–कृष्ण की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित और पुष्प अर्पित कर सामूहिक रूप से किया गया। कक्षा अरुण से द्वितीय तक कृष्ण–राधा सज्जा प्रतियोगिता, कक्षा तृतीय से पंचम तक मटकी फोड़ प्रतियोगिता और कक्षा षष्ठ से अष्टम तक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को विद्यालय के सचिव नागेंद्र जी द्वारा पुरस्कृत किया गया। कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रेष्ठ कुमार, द्वितीय स्थान स्नेहा कुमारी और राधा सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान स्वर्णिका कुमारी एवं द्वितीय स्थान रोजी कुमारी को मिला। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान मधुरिमा कुमारी और द्वितीय स्थान कोमल कुमारी को मिला। वहीं चित्रकला प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राची कुमारी और द्वितीय स्थान दीपाली कुमारी को दिया गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश कुमार पांडेय ने कहा कि भैया–बहनों के कौशल को बाहर लाने और उन्हें सामा. जिक गतिविधियों से जोड़ने के लिए इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। वहीं विद्यालय के वरिष्ठ आचार्य चंद्रमोहन मिश्र ने भैया–बहनों के बीच कृष्ण भगवान की बाल लीला की कथा सुनाई। कार्यक्रम का संचालन नेहा मिश्रा और धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार सिंह ने किया। मौके पर विद्यालय के भैया–बहन, आचार्य एवं दीदी जी उपस्थित थे।

# दोषियों की गिरफ्तारी और पीड़ित परिवार को सुरक्षा दे सरकार : पूनम साहू

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**





बड़कागांव : भाजपा नेत्री सह सांसद प्रतिनिधि पूनम साहू ने सिरमा गांव में दूसरे समुदाय के लोगों के द्वारा नाबालिक बच्ची के साथ हुई उठक बैठक एवं मारपीट मामले को लेकर कड़ा रुख अख्तियार किया है । भाजपा नेत्री ने कहा कि दोषियों की गिरफ्तारी और परिवार को उचित सुरक्षा व्यवस्था की जिम्मेदारी राज्य सरकार और स्थानीय प्रशासन को है। कहा कि इस मामले पर किसी तरह की लीपापोती नहीं चलेगी और परिवार की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम प्रशासन तुरंत करें ताकि पीड़ित परिवार इस सदमे और डर से बाहर आ सके ।

डेस्क प्रभारीः विकाश कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- सोनू पंडित | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## कांग्रेस कार्यालय प्रभारी नरेश सिंह के पिता का हुआ निधन, बनारस के मणिकर्णिका घाट पर हुए पंचतत्व में विलीन

### विधायक उमाशंकर अकेला ने गहरी शोक संवेदना प्रकट की

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

बरही प्रखंड कांग्रेस कार्यालय के प्रभारी खेरौन निवासी नरेश सिंह के पिता 93 वर्षीय देवकी सिंह का बीते बुधवार को अचानक हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया।श्री सिंह के निधन की खबर फैलते ही आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर है। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने इस दुखद घटना की सूचना पाते ही कहा हमारे कांग्रेस पार्टी का तेजतर्रार जुझारू साथी के सर से पिता का साया अचानक उठ जाना कांग्रेस पार्टी के लिए बड़ी क्षति है। दिवंगत देवकी सिंह अपने पीछे 2 पुत्र तीन पुत्रियां समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। मुखाग्नि मृतक के बड़े पुत्र महेश सिंह ने बनारस स्थित मणिकर्णिका घाट पर दी। अग्नि संस्कार में शामिल होने वालों में



देवकी सिंह ( फ़ाइल फ़ोटो)

महेश सिंह, नरेश सिंह, राजदेव सिंह, डेगन सिंह, रमुन सिंह ,आदित्य सिंह ,रविंद्र कुमार सिंह ,चंचला देवी, सुनील सिंह ,रितिक राज उर्फ शानू सिंह, संतोष सिंह शामिल थे। शोक संवेदना प्रकट करने वालों में मुख्य रूप से बरही विधायक उमाशंकर अकेला, विधानसभा विधायक प्रति. निधि विनोद कुमार यादव, बरही विधायक के निजी सचिव अजय राय, कांग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेंद्र कुमार राणा , इकबाल रजा ,ओबीसी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुनील साहू ,उपाध्यक्ष प्रमोद सिंह, प्लस टू उच्च विद्यालय बरही के प्रधानाध्यापक शिव कुमार राम, विधानसभा युवा अध्यक्ष मनोहर यादव ,युवा कांग्रेस नेता प्रयाग प्रसाद, जदयू के नेता सत्येंद्र कुमार सिंह, निरंजन सिंह ,सुखदेव सिंह ,चरित्र सिंह ,श्रवण सिंह ,दिनेश्वर सिंह, महेंद्र सिंह, विजय महात्मा ,अवध सिंह, उमेश सिंह ,कामाख्या नारायण सिंह ,उपाध्याय सिंह ,मनोज सिंह ,उपेंद्र सिंह समेत सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।

## बरही में पेयजल की समस्या हुई उत्पन्न, नही है किन्ही को ध्यान : सुषमा उर्फ रिंकी विश्वकर्मा



सुषमा उर्फ रिंकी विश्वकर्मा



**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**

हजारीबाग जिला समेत कई प्रखंडों में कमजोर मानसून के कारण जल संकट ने विकराल रूप लिया है। जिले के लगभग एक - चौथाई जनसंख्या सूखे से प्रभावित है, जिससे कई इलाकों में लोगो को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। बरही के बरही टोला में हो रही पेयजल की समस्या पर सुषमा उर्फ रिंकी विश्वकर्मा ने बताई की धोबी टोला में वर्षो से पानी की किल्लत है। लेकिन इस गंभीर समस्या पर बरही के किन्ही जनप्रतिनिधियों को नहीं है। चुनाव के समय बस बड़े बड़े वादा करते है और जीतने के बाद सो जाते है। पत्नियां चुनाव जीत गई और पति मुहर लेकर घूम रहे है। जब चुनाव नजदीक आता है तब सभी जनप्रतिनिधियों को जनता का दर्द बहुत बारीकी से दिखाई देता है, और चुनाव जीतने के बाद बल्ले बल्ले हो जाती है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों से अपील किया की पानी की हो रही किल्लत को जल्द समाधान करे। अगर पानी की समस्या का समाधान नही हुई तो आंदोलन के लिए बाध्य हो जाऊंगी।

## पानी रोको पौधा रोपो अभियान का बरही के रानीचूवा से हुआ शुरुवात

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित**




बरही प्रखंड अंतर्गत रानीचुवा के कुटुंबा में पानी रोको पौधा रोपो अभियान के तहत बरही बीडीओ के नेतृत्व में वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ सी. आर. इंदवार ने बताई की हमारे जीवन में पर्यावरण का अहम योगदान है, जिसे संरक्षित करना बहुत ही जरूरी है। इस तरह से पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है। अगर पर्यावरण को नही बचाया गया तो मुश्किलें और भी बढ़ सकती है। साथ ही साथ उन्होंने कहा की ऑक्सीजन लेने और कार्बन डाइऑक्साइड को छोड़ने के अलावा पेड़ पर्यावरण से अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित करते है जिससे वायु शुद्ध और ताजी बनती है। जीतने हरे भरे पेड़ होंगे उतना अधिक ऑक्सीजन का उत्पादन होगा। मौके पर स्थानीय मुखिया मूर्ति देवी, मुखिया प्रतिनिधि रामचंद्र टुडू सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## संजीवनी अकादमी में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी महोत्सव

**अपेम लाइव चंदवारा**
**धीरज कुमार**




प्रखंड के बांझेडीह फोरलेन नंदनगर रोड स्थित संजीवनी अकादमी में गुरुवार को जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने कृष्ण राधा की वेश भूषा धारण कर विद्यालय आए ।जिसमे वर्ग नर्सरी से अमन कुमार,वर्ग यूकेजी से प्रिंस मोदी,वर्ग प्रथम से आदित्य कुमार वर्ग चतुर्थ से सृष्टि कुमारी ने कृष्ण व वर्ग तृतीय की छात्रा अनन्या वर्णवाल व वर्ग पंचम की छात्रा शैल्या कश्यप ने राधा रानी की परिधान में लोगो का मन मोहा। विद्यालय निदेशक संजीव कुमार ने विद्यालय शिक्षकों के साथ राधा रानी की आरती उतारकर जन्माष्टमी पर्व का बच्चों को शुभकामनाएं दीं। श्री कुमार ने बच्चों को भगवान कृष्ण की जन्म की कथा का विस्तार पूर्वक बच्चों को बताते हुए कहा कि धरती पर जब जब पाप अपना पांव पसारने लगता है तब तब भगवान श्री हरी विष्णु धरती पर अवतरित होकर पाप और पापियों का अंत करके धर्म की स्थापना करते हैं।इसी निमित द्वापर युग में अवतरित होकर कंस रूपी पापी का अंत करके धर्म स्थापना करते हैं। मौके पे शिक्षिका निशा कुमारी, विशाखा गुप्ता, देवाशीष कुमार विद्यालय हेड गर्ल खुशी कुमारी ,हेड ब०य पियूष कुमार,विद्यालय कप्तान मन्नू रजक,वाइस कप्तान सनी कुमार ,लकी कुमारी ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

## बिजली की खराब स्थिति पर जीएम से मिले विधायक

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनिल कुमार**

बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के बरकट्ठा, इचाक, दारु, टाटीझरिया, चलकुशा में बिजली की खराब स्थिति और अनियमित आपूर्ति को लेकर बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से मिलकर स्थिति में सुधार करने की बात कही। विधायक ने बताया कि विभाग के जीएम से सकारात्मक बात हुई और बिजली आपूर्ति में सुधार करने की बात कही है। विधायक ने झरपो और चलकुशा पावर स्टेशन के अधूरे कार्य को पूरा कर उसे शीघ्र चालू कराने की बात जीएम ने कही साथ



बरकट्ठा जीएम से बात करते विधायक

ही बरकट्ठा व पदमा के 33 हजार लाइन अलग करने की भी बात रखी मालूम हो कि इनदिनों बिजली की अनियमित आपूर्ति से उपभोक्ताओं में भारी रोष है। विभाग के उदासीन रवैया और लापरवाही के कारण बिजली की समस्या बनी रहती है। बिजली की अनियमित आपूर्ति से सभी वर्गो को नुकसान हो रहा है। खासकर स्कूलों में पठन पाठन अ०नलाइन हो चुका है। ऐसी हालत में बिजली नहीं रहने से मोबाइल फोन भी चार्ज नहीं हो पाने के कारण छात्रों को भी भारी परेशानी उठाना पड़ता है।

## सिरमा मामले में आश्वासन के बाद भूख हड़ताल पर बैठे अनशनकारियों ने अनशन तोड़ी

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**




बड़कागांव : प्रखंड के सिरमा गांव मे नाबालिग बच्चियों के साथ कान उठक बैठक कराने एवं मारपीट करने मामले को लेकर दैनिक बाजार बड़कागांव दुर्गा मंदिर प्रांगण में बुधवार को अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे अनशन कारियों का अनशन गुरुवार शाम 4रु45 बजे को एसडीपीओ अमित कुमार सिंह व पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के हाथों अनशन कारियों को जूस पिलाकर भूख हड़ताल तुड़वायी गई। इस दौरान अनशन कारियों की सभी मांगे पुलिस प्रशासन के द्वारा मान ली गई हैं। भूख हड़ताल अनशन तुड़वाने में पूर्व विधायक लोकनाथ महतो के अथक प्रयास के पश्चात एसडीपीओ अमित कुमार सिंह के आश्वासन के बाद समाप्त हुई। भूख हड़ताल में अनशन कारियों के द्वारा सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने, पीड़ित परिवार को 24 घंटा सुरक्षा प्रदान करने के अलावा अन्य मांग पूरी करने की आश्वासन दी गई। मौके पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, एसडीपीओ अमित कुमार सिंह, इंस्पेक्टर श्याम चंद्र सिंह ,थाना प्रभारी विनोद तिर्की, सांसद प्रति. निधि पूनम साहू, अमन कुमार, शेर सिंह, उपप्रमुख बचन देव कुमार, मुखिया रंजीत कुमार, पारसनाथ महतो, अनिकेत कुमार, पूर्व मुखिया भीखन महतो, अजीत महतो, श्रीकांत नि. राला, सुमन गिरी, पिंटू गुप्ता, कैलाश साव, मनीष पांडे, अवध किशोर यादव, शिव शंकर मेहता, नंदकिशोर मेहता आदि उपस्थित थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## मानवता शर्मसार, निर्दयी मां ने नवजात बच्चे को झाड़ियों में फेंका

**अपेम लाइव : गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां प्रखंड अंतर्गत पिहरा पश्चमी पंचायत में मानवता को शर्मसार कर देने वाला घटना सामने आया है। एक निर्दयी मां की निष्ठुरता की हद भी देखने को मिली मां ने अपने ही नवजात शिशु को खेत के पीछे झाड़ी में निर्वस्त्र करके फेंक दिया। बच्ची के तन पर एक भी कपड़ा नहीं था। बच्ची झाड़ी में करुणामई आवाज में रो रही थी, फिर भी पत्थर दिल उस माँ को थोड़ी भी ममता नहीं आई और झाड़ी में नवजात शिशु को फेंक कर चली गई। महज एक दिन के बच्चे को सड़क किनारे झाड़ियों में रोता-बिलखता छोड़ गई। मामले का पता लगने पर हर कोई हैरान है कि कोई मां इतनी निर्दयी कैसे हो सकती है। इस नवजात बच्ची को पिहरा पश्चिमी पंचायत के जगदीशपुर निवासी अजय प्रसाद यादव की मां झाड़ी से उठा कर लाई है। पूछे जाने पर उनकी मां और पत्नी ने बताया कि हम लोग खेत में काम करने के लिए जा रहे थे उसी समय एक बच्ची की रोने की आवाज झाड़ी से सुनाई दिया तो हमने जा करके देखा तो बच्ची रो रही थी और अपनी उंगली को मुंह में रखकर रोते हुए अपनी जिंदगी की भीख मांग रही थी। पूछे जाने पर अजय प्रसाद यादव ने कहा कि मेरी कोई संतान नहीं है, मैं इस बच्ची को प्राथमिक इलाज के लिए ले जा रहा हूं, उसके बाद मैं इसका लालन पालन करूंगा।

## विष्णुगढ़ में बिजली समस्या को लेकर आंदोलन की बनेगी रणनीति

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**


राजू श्रीवास्तव

विष्णुगढ़ में बिजली की समस्या को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों की बैठक रखी गई है। बैठक विष्णुगढ़ संघर्ष समिति के बैनर तले विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय के प्रांगण में होगी। संयोजक राजू श्रीवास्तव ने बताया कि प्रखंड में बिजली की समस्या काफी गंभीर है। 24 घंटे में मात्र 7-8 घंटे की आपूर्ति हो रही है। इससे लोगों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। प्रखंड में नवनिर्मित दोनों सबस्टेशन को भी चालू करने की भी मांग की जाएगी। बैठक में प्रखंड मुख्यालय के समक्ष एकदिनी धरना की भी रणनीति तय की जाएगी। कहा कि धरना के माध्यम से यदि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो फिर आगे और धारदार आंदोलन चलाने की तैयारी की जाएगी।

**APEM LIVE**

## पेशम पश्चिमी भाग आंगनबाड़ी केंद्र में जांच के लिए पहुंचे सी ओ सह प्रभारी सी डी पी ओ

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



फिलहाल तो एक्सपायरी पोषाहार बांटे जाने का मामला बढ़ता जा रहा है । उपयुक्त ने मामले पर संज्ञान लेते हुए सीओ एवं एसडीओ को जांच कर रिपोर्ट मांगा गया है। गुरुवार को सीईओ सह सीडीपीओ अशोक राम ने आंगनबाड़ी जाकर जांच किया । जांच के दौरान उन्होंने पाया कि आपूर्ति कर्ता ने 17 जुलाई को आंगनबाड़ी में पोषाहार दिया था जो 6 जुलाई को ही एक्सपायर हो गया था । आंगनबाड़ी की सेविका ने एक्सपायरी डेट बिना पढ़े ही लाभुक को बांट दिया था। बांटे हुए एक्सपायरी पोषाहार की शिकायत ग्रामीणों ने पंचयात के मुखिया रागिनी सिंन्हा को दिया जिसके बाद मुखिया ने इसकी जांच आंगनबाड़ी केंद्र में जाकर किया जिसमें कीड़े लगे पोषाहार पाया गया था। पंचयात के मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य शीतल तर्वे ने इसकी शिकायत वरीय पदाधिकारी से किया था। जिसके बाद उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने संज्ञान लेते हुए जांच का आदेश दिया था। जो आज सीडीपीओ अशोक राम जच कार जिला भेज दिया है और उन्होंने बताया जो भी प्रक्रिया आएगा उस पर उचित कारवाई की जाएगी

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में श्री कृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

**अपेम लाइव :गिरीडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**



श्री कृष्ण जन्माष्टमी की पूर्व संध्या पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,बरगंडा में गुरुवार को श्रीकृष्ण रूप-सज्जा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।मौके पर विद्यालय के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने आकर्षक वेशभूषा धारण कर 23 राधा रानी और 58 श्रीकृष्ण के स्वरुप को साकार कर रहे थे। प्राचार्य शिवकुमार चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सौन्दर्य के दाता हैं।. उनका लावण्य रुप अतुलनीय है।भगवान श्री कृष्ण के आकर्षक वेशभूषा को पृथ्वी पर खींच लाने के लिए ही हर साल भाद्रपद कृष्णपक्ष अष्टमी के दिन जन्माष्टमी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है।कहा कि कृष्ण का जन्म चमत्कारों से ही शुरु हुआ है।उनके जन्म लेते ही पहरेदारों का सो जाना,कारागार के तालों का खुल जाना,उफनती यमुना नदी का शांत हो जाना,शेषनाग द्वारा उनको वर्षा से बचाना आदि ऐसा विश्व के किसी अन्य अवतारों में लेशमात्र भी नहीं देखा गया है। कहा कि छोटे-छोटे भैया-बहनों द्वारा राधा-कृष्ण का यह रूप धारण करना सचमुच में आध्यात्मिकता का एहसास कराता है। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अयांश बरदियार,द्वितीय पुष्पित प्रभात और तृतीय शाश्वत आलोक को प्रधानाचार्य ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। विद्यालय के इस कार्यक्रम को अभिभावकों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।साथ ही इस रोमांचकारी कार्यक्रम के आयोजन में विद्यालय प्रबंधन को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख अनिता मिश्रा समेत समस्त आचार्य-दीदी का सराहनीय योगदान रहा।




Our Partners

ICICI Lombard General Insurance, TATA AIG Insurance, Liberty General Insurance, HDFC ERGO, Future Generali Total Insurance Solutions, digit, care Health Insurance, Royal Sundaram General Insurance, Oriental Insurance, New India Assurance, Chola MS General Insurance

सुविधा उपलब्धः-NEW, EXPIRED & RENEWAL Policy

